# अनुदान संख्या 29 - विदेश मंत्रालय
# GRANT No. 29 - MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

| | | | | कुल अनुदान या विनियोग Total grant or appropriation | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत– Saving - |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | (हजार रुपयों में) (In thousands of rupees) |
| **राजस्वः** | **Revenue:** | | | | | |
| *प्रभारित–* | *Charged-* | | | *3,00* | .. | *-3,00* |
| *वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि* | *Amount surrendered during the year* | | | | | *3,00* |
| स्वीकृत– | Voted- | | | | | |
| मूल | Original | 16534,76,00 | | | | |
| | | | | 27150,94,00 | 27036,28,37 | -114,65,63 |
| पूरक | Supplementary | 10616,18,00 | | | | |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | | | 22,37,00 |
| **पूंजीगतः** | **Capital:** | | | | | |
| स्वीकृत– | Voted- | | | | | |
| मूल | Original | 1520,21,00 | | | | |
| | | | | 11033,95,00 | 10159,76,46 | -874,18,54 |
| पूरक | Supplementary | 9513,74,00 | | | | |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | | | 44,28,00 |

***टीका और टिप्पणियां***

1. अनुदान के राजस्व भाग के *प्रभारित* अंश में, तीन शीर्षों के अन्तर्गत *₹ 3.00 लाख* का *विनियोग* पूरी तरह से अप्रयुक्त रहा और अन्ततः अभ्यर्पित किया गया।

2. अनुदान के राजस्व भाग के स्वीकृत अंश में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शार्षों के अन्तर्गत हुईं/हुएः–

***Notes and comments***

1. In the *charged* portion of the revenue section of the grant, *appropriation* of *₹3.00 lakhs* remained wholly unutilized under three heads and was eventually surrendered.

2. In the voted portion of the revenue section of the grant, savings/excess occurred under the following major heads:-

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | अधिक व्यय+ Excess+ बचत– Saving - |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (लाख रुपयों में) (In lakhs of rupees) |
| मुख्य शीर्ष "2052" | Major Head "2052" | | | | |
| सचिवालय – सामान्य सेवाएं | Secretariat-General Services | | | | |
| मू. | O. | 151828.00 | | | |
| पू. | S. | 1.00 | 136340.00 | 133964.29 | -2375.71 |
| पु. | R. | -15489.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष "2061" | Major Head "2061" | | | | |
| विदेश मामले | External Affairs | | | | |
| मू. | O. | 993623.00 | | | |
| पू. | S. | 69429.00 | 1182948.00 | 1160841.65 | -22106.35 |
| पु. | R. | 119896.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष "3605" | Major Head "3605" | | | | |
| अन्य देशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग | Technical and Economic Co-operation with Other Countries | | | | |
| मू. | O. | 508024.00 | | | |
| पू. | S. | 90816.00 | 492197.00 | 507450.43 | +15253.43 |
| पु. | R. | - 106643.00 | | | |

(I) दो शीर्षों के अन्तर्गत ₹502.00 लाख का प्रावधान पूरी तरह से अप्रयुक्त रहा।

(I) Provision of ₹502.00 lakhs remained wholly unutilized under two heads.

(II) मुख्य शीर्ष "3605" – "अन्य देशों के साथ सहयोग–आपदा राहत के लिए सहायता" के अन्तर्गत– ₹500.00 लाख का मूल प्रावधान दिसंबर, 2023 में ₹5000.00 लाख की पूरक अनुदान प्राप्त करके ₹5500.00 लाख तक बढाया गया था जो, तथापि, "ऑपरेशन दोस्त" के तहत खाली करने के लिए रक्षा मंत्रालय से दावे प्राप्त नहीं होने के कारण ₹1381.76 लाख की सीमा तक अप्रयुक्त रहा।

(II) Under Major Head "3605" - "Co-Operation with other countries - Aid for Disaster Relief" - the original provision of ₹500.00 lakhs was augmented to ₹5500.00 lakhs by obtaining supplementary grant of ₹5000.00 lakhs in December, 2023 which, however, remained unutilized to the extent of ₹1381.76 lakhs due to non-receipt of claims from Ministry of Defence towards evacuation under "Operation Dost".

(III) मुख्य शीर्ष "2052" – "सचिवालय–विदेश मंत्रालय" के अन्तर्गत – ₹1763.71 लाख की बचत (फरवरी, 2024 में प्राप्त किए गए ₹1.00 लाख के सांकेतिक पूरक अनुदान सहित ₹151828.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) जी–20 सम्मेलन से संबंधित दावों के प्राप्त नहीं होने, जी–20 सम्मेलन के पूरा होने पर परामर्शदाताओं को कार्य–मुक्त करने, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और विदेश मंत्रालय के बीच तकनीकी मुद्दे के कारण साउथ एशियन यूनिवर्सिटी से अकबर भवन की सम्पत्ति के अधिग्रहण नहीं करने के कारण हुई।

(IV) मुख्य शीर्ष "2061" – बचतें निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत हुईः–

(का) "दूतावास और मिशन – मिशनों के विशेष क्रियाकलाप" के अन्तर्गत – ₹740.08 लाख की बचत (₹4605.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) विश्व हिंदी दिवस मिशन द्वारा अपेक्षाकृत कम व्यय होने के कारण हुई।

(खा) "पासपोर्ट और उत्प्रवास – उत्प्रवासी – महासंरक्षी" – ₹2254.22 लाख की बचत (₹3866.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) ई–उत्प्रवास के लिए कम बिलों की प्राप्ति होने के कारण हुई।

(गा) "मनोरंजन प्रभार" –

(क) "गणमान्य व्यक्तियों का मनोरंजन" – ₹703.26 लाख की बचत (₹5576.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) विदेशों से राज्य प्रमुखों और प्रतिष्ठित संगठनों के प्रमुखों के वीवीआईपी के आगमन दौरे नहीं होने के कारण हुई।

(ख) "उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल" – ₹1015.29 लाख की बचत (₹1200.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) भारत के उपराष्ट्रपति की विदेश यात्राओं के रद्द होने और संयुक्त राष्ट्र सभा में संसद सदस्यों के सरकारी दौरों के नहीं होने के कारण हुई।

(III) Under Major Head "2052" - "Secretariat - Ministry of External Affairs"- saving of ₹17863.71 lakhs (against the total sanctioned provision of ₹151828.00 lakhs including token supplementary grant of ₹1.00 lakh obtained in February, 2024) was due to non-receipt of claims pertaining to G-20 summit, relieving of consultants owing to completion of G-20 summit and non-taking over Akbar Bhawan property from South Asian University owing to technical issue between New Delhi Municipal Council and Ministry of External Affairs.

(IV) Under Major Head "2061" - savings occurred under the following heads:-

(A) "Embassies and Missions - Special Activities of the Missions" - saving of ₹740.08 lakhs (against the sanctioned provision of ₹4605.00 lakhs) was due to less expenditure by mission on World Hindi Diwas.

(B) "Passport And Emigration - Protector General of Emigrant" - saving of ₹2254.22 lakhs (against the sanctioned provision of ₹3866.00 lakhs) was due to receipt of less bills towards e-migrate project.

(C) "Entertainment Charges "

(a) "Entertainment of Dignitaries"- saving of ₹703.26 lakhs (against the sanctioned provision of ₹5576.00 lakhs) was due to non-execution of the Incoming VVIP visits of Head of States and Heads of Eminent Organizations from abroad.

(b) "High Level Delegation" - saving of ₹1015.29 lakhs (against the sanctioned provision of ₹1200.00 lakhs) was due to cancellation of outgoing visits of Vice-President of India and no official visits of Member of Parliament delegation in United Assembly.

(घा) "स्वायत्त शासी निकायों और अन्य संस्थानों को सहायता – भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद" – ₹4697.16 लाख की बचत (₹34521.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) क्रियाकलापों के नहीं हो पाने के कारण हुई।

(D) "Assistance to Autonomous Bodies and Other Institutions - Indian Council for Cultural Relations" - saving of ₹4697.16 lakhs (against the sanctioned provision of ₹34521.00 lakhs) was due to non-materialization of activities.

(ङ) "अन्तर्राष्ट्रीय – सहयोग" –

(E) "International Co-Operation" -

(क) "सार्क (एस. ए. आर. सी.) सचिवालय को अंशदान" – ₹968.52 लाख की बचत (₹1200.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) वर्ष 2024 के लिए सार्क सचिवालय और क्षेत्रीय केंद्रों/विशिष्ट निकायों के बजटों के लिए भारत के अनुमानित अंशदान के अनुमोदन में विलम्ब होने के कारण हुई।

(a) "Contribution to SAARC Secretariat" - saving of ₹968.52 lakhs (against the sanctioned provision of ₹1200.00 lakhs) was due to delay in approval of India's assessed contribution to the budgets of SAARC Sectt and Regional Centres/Specialized Bodies for 2024.

(ख) "साउथ एशियन यूनिवर्सिटी" – ₹600.00 लाख की बचत (₹12900.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के स्थानांतरण के कारण नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को किराए का भुगतान के नहीं होने के कारण हुई।

(b) "South Asian University" - saving of ₹600.00 lakhs (against the sanctioned provision of ₹12900.00 lakhs) was due to non-payment of rent to New Delhi Municipal Council owing to shifting of South Asian University.

(ग) "बिम्स्टेक (बी. आई. एम. एस. टी. ई. सी.) सचिवालय" – ₹960.38 लाख की बचत (₹1700.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रशासनिक कारणों से नौवहन छात्रवृत्ति कार्यक्रम के प्रारंभ नहीं होने के कारण हुई।

(c) "BIMSTEC Secretariat"- saving of ₹960.38 lakhs (against the sanctioned provision of ₹1700.00 lakhs) was due to non-commencement of Marine Scholarship Programme owing to administrative reasons.

(घ) "विशेष कार्यक्रम" – ₹4000.90 लाख की बचत (₹7320.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) भारत–यूनाइटेड किंगडम ग्लोबल इनोवेशन पार्ट्नरशिप डेवलपमेंट फंड के अन्तर्गत कम गतिविधियां होने के कारण हुई।

(d) "Special Programmes"- saving of ₹4000.90 lakhs (against the sanctioned provision of ₹7320.00) was due to less activities under the India-United Kingdom Global Innovation Partnership Development Fund.

(V) मुख्य शीर्ष "3605" – "अन्य देशों के साथ सहयोग" के अन्तर्गत – निम्नलिखित शीर्षों के तहत बचतें हुईः–

(V) Under Major Head "3605" - "Co-operation with other Countries" - savings occurred under the following heads:-

(का) "बंग्लादेश को सहायता" – ₹4236.76 लाख की बचत (₹20000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) चल रही परियोजनाओं की धीमी प्रगति के कारण हुई।

(A) "Aid to Bangladesh" - saving of ₹4236.76 lakhs (against the sanctioned provision of ₹20000.00 lakhs) was due to slow progress of ongoing projects.

(खा) "भूटान को सहायता" – ₹91220.39 लाख की बचत (₹163224.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रमुख परियोजनाओं के पूरा नहीं होने और भूगर्भीय चुनौतियों के कारण क्रियान्वयन की धीमी गति और नए परियोजनाओं के प्रारंभिक चरण में होने के कारण हुई।

(B) "Aid to Bhutan"- saving of ₹91220.39 lakhs (against the sanctioned provision of ₹163224.00 lakhs) was due to completion of major projects, slowdown in implementation owing to geological challenges and new projects being in mobilization stage.

(गा) "श्रीलंका–अन्य सहायता कार्यक्रम" – ₹3063.01 लाख की बचत (₹15000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) कार्य की धीमी प्रगति के कारण परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निधियों की कम आवश्यकता होने के कारण हुई।

(C) "Sri Lanka-other Aid Programmes" - saving of ₹3063.01 lakhs (against the sanctioned provision of ₹15000.00 lakhs) was due to requirement of less funds towards implementation of projects owing to slow progress of work.

(घा) "म्यांमार को सहायता" – ₹4704.28 लाख की बचत (₹40000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) म्यांमार में प्रतिकूल सुरक्षा स्थिति के कारण परियोजना की धीमी प्रगति के कारण हुई।

(D) "Aid to Myanmar" - saving of ₹4704.28 lakhs (against the sanctioned provision of ₹40000.00 lakhs) was due to slow implementation of project owing to adverse security situation in Myanmar.

(ङा) "सार्क कार्यक्रम" – ₹511.56 लाख की बचत (₹600.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) सार्क सिल्वर जुबली स्कालर्शिप (एस. जे. एस.) दावों की प्राप्ति नहीं होने और साउथ एशियन यूनिवर्सिटी से लंबित स्पष्टीकरण के कारण हुई।

(E) "SAARC Programme" - saving of ₹511.56 lakhs (against the sanctioned provision of ₹600.00 lakhs) was due to non-receipt of SAARC Silver Jubilee Scholarship (SJS) claims/pending clarification from Southj Asian University.

(चा) "अन्य विकसित देशों को सहायता" – ₹3715.32 लाख की बचत (₹15000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई;

(F) "Aid to Other Developing Countries" - saving of ₹3715.32 lakhs (against the sanctioned provision of ₹15000.00 lakhs);

(छा) "अफ्रीकी देशों को सहायता" – ₹6523.87 लाख की बचत (₹25000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई; और

(G) "Aid to African Countries" - saving of ₹6523.87 lakhs (against the sanctioned provision of ₹25000.00 lakhs); and

(जा) "यूरेशियन देशों को सहायता" – ₹4624.56 लाख की बचत (₹7500.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) हुई।

(H) "Aid to Eurasian Countries" - saving of ₹4624.56 lakhs (against the sanctioned provision of ₹7500.00 lakhs).

उपर्युक्त तीन शीर्षों के अन्तर्गत बचतें कार्य की धीमी प्रगति के कारण परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कम मात्रा में निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुई।

Savings under the above three heads were due to requirement of less funds towards implementation of projects owing to slow progress of work.

(झा) "मॉरीशस को सहायता" – ₹10191.53 लाख की बचत (₹46079.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में)

(I) "Aid to Mauritius" - saving of ₹10191.53 lakhs (against the sanctioned provision of ₹46079.00

विकास परियोजना के धीमी गति से कार्यान्वयन के कारण हुई।

(VI) दो शीर्षों के अन्तर्गत ₹736.63 लाख की बचतें हुईं, जो प्रत्येक में ₹250.00 लाख से अधिक थी और स्वीकृत प्रावधान का 38 प्रतिशत और 51 प्रतिशत थी।

3.(I) उपर्युक्त बचतें आंशिक रूप से (₹125049.00 लाख पुनर्विनियोग द्वारा प्रावधान बढ़ाने के लिए प्रयुक्त हुईं जैसा कि दिसंबर, 2023 और फरवरी, 2024 में निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत ₹160245.00 लाख की पूरक अनुदान प्राप्त करते समय संसद को पहले ही सूचित कर दिया गया था:–

(का) मुख्य शीर्ष "2061" –

(क) "दूतावास और मिशन–प्रबंधन और स्थापना" – ₹24197.00 लाख, तथापि, वास्तविक अधिक व्यय ₹23854.81 लाख हुआ।

(ख) "विशेष राजनीतिक व्यय विवेकाधीन व्यय" – ₹67252.00 लाख। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय, ₹57674.86 लाख हुआ।

(ग) "पासपोर्ट और आप्रवाजन" –

(i) "केन्द्रीय पासपोर्ट संगठन" – ₹9675.00 लाख। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय ₹5756.50 लाख हुआ।

(ii) "अप्रवासी भारतियों का कल्याण" – ₹5000.00 लाख। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय, ₹4185.50 लाख हुआ।

(घ) "अंतरराष्ट्रीय सहयोग – नालन्दा अन्तरराष्ट्रीय विश्व विद्यालय" – ₹572.00 लाख।

(खा) मुख्य शीर्ष "3605" – "अन्य देशों के साथ सहयोग–निवेश" –

lakhs) was due to slow implementation of developmental project.

(VI) Under two heads savings of ₹736.63 lakhs occurred, each exceeding ₹250.00 lakhs and constituting 38 percent and 51 percent of the sanctioned provision.

3.(I) The above savings were partly (₹125049.00 lakhs) utilized for augmenting the provision by re-appropriation as already reported to the Parliament while obtaining supplementary grant of ₹160245.00 lakhs in December, 2023 and February, 2024 under the following heads:-

(A) Major Head "2061" -

(a) "Embassies and Missions - Management and Establishment" - ₹24197.00 lakhs. Actual excess, however, was ₹23854.81 lakhs.

(b) "Special Diplomatic Expenditure Discretionary Expenditure" - ₹67252.00 lakhs. Actual excess, however, was ₹57674.86 lakhs.

(c) "Passport and Emigration" -

(i) "Central Passport Organization" - ₹9675.00 lakhs. Actual excess, however, was ₹5756.31 lakhs.

(ii) "Welfare of overseas Indians" - ₹5000.00 lakhs. Actual excess, however, was ₹4185.50 lakhs.

(d) "International Co-operation - Nalanda International University" - ₹572.00 lakhs.

(B) Major Head "3605" - "Co-Operation with other countries" -

(क) "मालदीव को सहायता" – ₹13353.00 लाख। तथापि, वास्तविक अधिक व्यय, ₹19546.41 लाख हुआ।

(ख) "प्रोत्साहन और प्रचार–प्रसार कार्यक्रम" – ₹5000.00 लाख।

(II) बचतें भी निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत हुए अधिक व्यय द्वारा प्रतिसंतुलित हुईः–

(का) मुख्य शीर्ष "2601" –

(क) "अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग" –

(i) "अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठन" – ₹2672.69 लाख का अधिक व्यय (₹3000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को अनिवार्य अंशदान देने के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुआ।

(ii) "संयुक्त राष्ट्र संगठन" – ₹19770.13 लाख का अधिक व्यय (₹20000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) संयुक्त राष्ट्र को अनिवार्य अंशदान देने के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुआ।

(खा) मुख्य शीर्ष "3605" – "अन्य देशों के साथ सहयोग" –

(क) "नेपाल को सहायता" – ₹10737.72 लाख का अधिक व्यय (₹55000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) भारत और नेपाल सरकारों के बीच चल रही निर्माण परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुआ।

(ख) "आई.टी.ई.सी. कार्यक्रम" – ₹2353.79 लाख का अधिक व्यय (₹15000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अनुकूलित आई. टी. ई. सी. कार्यक्रमों

(a) "Aid to Maldives" - ₹13353.00 lakhs. Actual excess, However, was ₹19546.41 lakhs.

(b) "Investment Promotion and Publicity Programme" - ₹5000.00 lakhs.

(II) Savings were also offset by excess under the following major heads:-

(A) Major Head "2061" -

(a) "International Co-Operation"-

(i) "Other International Organisations"- excess of ₹2672.69 lakhs (against the sanctioned provision of ₹3000.00 lakhs) was due to requirement of additional funds towards mandatory contributions to United Nations Relief and Works Agency.

(ii) "United Nations Organisation"- excess of ₹19770.13 lakhs (against the sanctioned provision of ₹20000.00 lakhs) was due to requirement of additional funds towards mandatory contributions to United Nations.

(B) Major Head "3605" - "Co-Operation with other countries" -

(a) "Aid to Nepal" - excess of ₹10737.72 lakhs (against the sanctioned provision of ₹55000.00 lakhs) was due to requirement of additional funds towards ongoing construction projects between India and Nepal Governments.

(b) "ITEC Programme" - excess of ₹2353.79 lakhs (against the sanctioned provision of ₹15000.00 lakhs) was due to increase in

के आयोजन की मिशन द्वारा मांग में वृद्धि होने के कारण हुआ।

demand from Missions for conducting customized ITEC courses.

(ग) "अफगानिस्तान को सहायता" – ₹726.43 लाख का अधिक व्यय (₹20000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अफगानिस्तान को गेहूं के परिवहन के भुगतान के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुआ।

(c) "Aid to Afghanistan" - excess of ₹726.43 lakhs (against the sanctioned provision of ₹20000.00 lakhs) was due to requirement of additional funds towards payment of transportation of Wheat to Afghanistan.

(घ) "भारत एशियाई सहयोग" – ₹883.30 लाख का अधिक व्यय (₹4000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ए.एस.ई.ए.एन) को अंशदान देने के लिए अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुआ।

(d) "Indo-Pacific Co-operation" - excess of ₹883.30 lakhs (against the sanctioned provision of ₹4000.00 lakhs) was due to requirement of additional funds towards contribution of the Association of Southeast Asian Nations (ASEAN)

(III) दो शीर्षों के अंतर्गत ₹659.21 लाख का अधिक व्यय हुआ, जो प्रत्येक में ₹250.00 लाख से अधिक था और स्वीकृत प्रावधान का क्रमशः 17 प्रतिशत और 60 प्रतिशत था।

(III) Under two heads excess of ₹659.21 lakhs occurred, each exceeding ₹250.00 lakhs and constituting 17 percent and 60 percent of the sanctioned provision.

4. अनुदान के पूंजीगत भाग में, निम्नलिखित शार्षों के अन्तर्गत बचतें/अधिक व्यय हुई/हुएः–

4. In the capital section of the grant, savings/excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान<br>Total grant | वास्तविक व्यय<br>Actual expenditure | अधिक व्यय+<br>Excess+ |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "4059" | Major Head "4059" | | | | |
| लोक निर्माण कार्यों पर पूंजीगत परिव्यय | Capital Outlay on Public Works | | | | |
| मू. | O. | 35300.00 | 16000.00 | 16170.53 | +170.53 |
| पु. | R. | -19300.00 | | | |

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | अधिक व्यय+ Excess+ बचत– Saving- |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (लाख रुपयों में) (In lakhs of rupees) |
| मुख्य शीर्ष "4070" | Major Head "4070" | | | | |
| अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत व्यय | Capital Outlay on Other Administrative Services | | | | |
| मू. | O. | 6682.00 | | | |
| पू. | S. | 1.00 | 7753.00 | 5979.46 | -1773.54 |
| पु. | R. | 1070.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष "4075" | Major Head "4075" | | | | |
| विविध सामान्य सेवाओं पर पूंजीगत व्यय | Capital Outlay on Miscellaneous General Services | | | | |
| मू. | O. | 2405.00 | | | |
| पू. | S. | 1.00 | 2306.00 | 1172.02 | -1133.98 |
| पु. | R. | -100.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष "4216" | Major Head "4216" | | | | |
| आवासन पर पूंजीगत परिव्यय | Capital Outlay on Housing | | | | |
| मू. | O. | 30800.00 | 10100.00 | 12173.68 | +2073.68 |
| पु. | R. | -20700.00 | | | |
| मुख्य शीर्ष "7465" | Major Head "7465" | | | | |
| सामान्य वित्तीय और व्यापारिक संस्थानों को ऋण | Loans for General Financial and Trading Institutions | | | | |
| पू. | S. | 901372.00 | 901372.00 | 819282.03 | -82089.97 |
| मुख्य शीर्ष "7605" | Major Head "7605" | | | | |
| विदेशी सरकारों को अग्रिम | Advances to Foreign Governments | | | | |
| मू. | O. | 76834.00 | | | |
| पू. | S. | 50000.00 | 161436.00 | 161198.74 | -237.26 |
| पु. | R. | 34602.00 | | | |

(I) मुख्य शीर्ष "7465" – "सामान्य वित्तीय संस्थान–भारत सरकार की प्रत्याभूत एलओसी के लिए एक्ज़िम बैंक को सहायता" – के अन्तर्गत दिसम्बर, 2023 में पूरक अनुदान प्राप्त करके ₹901372.00 लाख की निधियां प्रदान की गईं थी जो, तथापि, वित्त मंत्रालय के निदेशों के अनुसार भारतीय विकास और आर्थिक सहायता योजना (आई डी ई ए एस) के बंतर्गत विभिन्न ऋण प्राप्तकर्ता सरकारों को दिए गए लाइंस ऑफ क्रेडिट (एल ओ सी) के तहत कम दावों को समाधान होने के कारण ₹82089.97 लाख अप्रयुक्त रहा।

(I) Under Major Head "7465" - "General Financial Institutions - Support To Exim Bank Towards Government of India guaranteed Loc" - funds of ₹901372.00 lakhs were provided by obtaining supplementary grant in December, 2023 which, however, remained unutilized to the extent of ₹82089.97 lakhs - due to settlement of less claims under Lines of Credit (LOCs) extended to various borrower Governments under Indian Development and Economic Assistance Schemes (IDEAS) as per direction of Ministry of Finance.

(II) मुख्य शीर्ष "4059" – "अन्य भवन – निर्माण–विदेश मामले" – के अन्तर्गत – ₹18849.98 लाख की बचत (₹35000.00 लाख के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) देश में अशांति के कारण तेल अवीव में भूमि और भवन नहीं खरीदने के कारण हुई।

(II) Under Major Head "4059" - "Other Buildings - Construction - External Affairs" - saving of ₹18849.98 lakhs (against the sanctioned provision of ₹35000.00 lakhs) was due to non-purchase of land and building in Tel Aviv owing to disturbance in the country.

(III) मुख्य शीर्ष "4070" – "निदेशन और प्रशासन–सचिवालय आम सेवाएं" – के अन्तर्गत – ₹703.54 लाख की बचत (दिसम्बर, 2023 में प्राप्त ₹1.00 लाख की सांकेतिक पूरक अनुदान सहित ₹6683.00 लाख के कुल स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अनुमोदित मॉडल उपलब्ध नहीं होने के कारण विदेश स्थित मिशन/पोस्टों में मोटर यान की सरकारी खरीद नहीं हो पाने और मशीनरी उपकरणों के लिए अनुमोदन को अंतिम रूप नहीं दिए जाने के कारण हुई।

(III) Under Major Head "4070" - "Direction and Administration - Secretariat General Services" - saving of ₹703.54 lakhs (against the total sanctioned provision of ₹6683.00 lakhs including token supplementary grant of ₹1.00 lakh obtained in December, 2023) was due to non-purchase of official motor vehicles in mission/posts abroad owing to non-availability of approval, model and non-finalisation of approval for machinery equipment.

(IV) मुख्य शीर्ष "4075" – "निदेशन और प्रशासन–सचिवालय सामान्य सेवाएं" – के अन्तर्गत – ₹1233.98 लाख की बचत (दिसम्बर, 2023 में प्राप्त ₹1.00 लाख की सांकेतिक पूरक अनुदान सहित ₹2406.00 लाख के कुल स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) जी20 शिखर सम्मेलन के लिए कम्प्यूटर तथा लैपटॉपों की खरीद हेतु अनुमानित राशि से कम राशि व्यय होने के कारण हुई।

(IV) Under Major Head "4075" - "Direction and Administration - Secretariat General Services" - saving of ₹1233.98 lakhs (against the total sanctioned provision of ₹2406.00 lakhs including token supplementary grant of ₹1.00 lakh obtained in December, 2023) was due to less expenditure as anticipated for the purchase of computers and laptops for G20 summits.

(V) मुख्य शीर्ष "4216" – "सरकारी आवासीय भवन–अन्य आवासन–विदेशी मामले" – के अन्तर्गत – ₹18626.32 लाख की बचत (₹30800.00 लाख के कुल स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) विदेशी आवासन परियोजनाओं के लिए

(V) Under Major Head "4216"- "Government Residential Buildings - Other Housing - External Affairs"- saving of ₹18626.32 lakhs (against the sanctioned provision of ₹30800.00 lakhs) was due to

भूमि और भवन नहीं खरीदे जाने के कारण हुई।

non-purchase of land and building for overseas housing projects.

(VI) मुख्य शीर्ष "7605" – "भूटान सरकार को ऋण–भूटान में चल रही पन–बिजली परियोजनाओं के लिए ऋण" – के अन्तर्गत – ₹20635.26 लाख की बचत (₹51834.00 लाख के कुल स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) परियोजना द्वारा भूगर्भीय चुनौतियों का सामना किए जाने के कारण कार्यान्वयन / प्रगति में धीमी गति के कारण हुई।

(VI) Under Major Head "7605" - "Loans to Govt of Bhutan - Loan for on-going Hydro-Power Projects in Bhutan" - saving of ₹20635.26 lakhs (against the sanctioned provision of ₹51834.00 lakhs) was due to slowdown in implementation/progress owing to geological challenges encountered by the projects.

(VII) एक शीर्ष के अन्तर्गत ₹279.49 लाख की बचत हुई, जो स्वीकृत प्रावधान का 93 प्रतिशत थी।

(VII) Under one head saving of ₹279.49 lakhs occurred constituting 93 percent of the sanctioned provision.

3. उपर्युक्त बचतें आंशिक रूप से (₹55000.00 लाख) पुनर्विनियोजन द्वारा प्रावधान को बढ़ाने के लिए प्रयुक्त हुई जैसा कि दिसम्बर, 2023 में मुख्य शीर्ष "7605" – "भूटान सरकार को ऋण – अन्य परियोजनाओं को ऋण" के अन्तर्गत – ₹50000.00 लाख की पूरक अनुदान प्राप्त करते समय संसद को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

3. The above savings were partly (₹55000.00 lakhs) utilized for augmenting the provision of re-appropriation as already reported to the Parliament while obtaining supplementary grant of ₹50000.00 lakhs in December, 2023 under Major Head "7605" - "Loans to Govt of Bhutan - Other Projects".